**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या - 2186**

***सोमवार, 09 दिसंबर, 2024/18 अग्रहायण, 1946 (शक)***

**आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) का गठन**

**2186 श्री जय प्रकाश:**
**श्री आनंद भदौरिया:**
**श्री वी. वैथिलिंगम:**

क्या ***वित्त*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) का गठन फरवरी, 2013 में किया गया था;

(ख) यदि हां, तो सातवें सीपीसी के गठन के 10 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक आठवें सीपीसी का गठन नहीं करने तथा अभूतपूर्व मूल्य वृद्धि/जीवनयापन लागत और कर्मचारियों की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ करने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार आठवें सीपीसी का गठन नहीं करने के कारण केंद्र सरकार के कर्मचारियों में व्याप्त आक्रोश से अवगत है तथा यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या सरकार केंद्र सरकार के कर्मचारियों, सशस्त्र बलों आदि के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो इसकी घोषणा कब तक की जाएगी?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) : जी नहीं, 7वां वेतन आयोग 28 फरवरी, 2014 को गठित किया गया था।

(ख) से (घ): वर्तमान में, सरकार के पास केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ङ) : प्रश्न नहीं उठता।